**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 28.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग का चलाया गया अभियान। चारपहिया वाहनों में लगी काली फिल्म को हटाया गया साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों चालको की, की गई जांच एवं लोगों को किया गया जागरुक। अभियान के दौरान तहत कुल 630 वाहनों से करीब 07 लाख का किया गया चालान।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने तथा सड़क सुरक्षा एवं आपराधिक/असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज दिनांक 28.10.2025 को यातायात पुलिस द्वारा बांदा शहर क्षेत्र में चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म (Black Film / Tinted Glass) के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया साथ ही भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म (Black Film /Tinted Glass) का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा ब्रिथएनालाइजर का प्रयोग कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की भी जांच की गई तथा उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न ले जाने व शराब सेवन के उपरांत वाहन चलाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी साथ ही साथ बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। अभियान के दौरान कुल 07 चारपहिया वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई और कुल 630 वाहनो से करीब 07 लाख का चालान करते हुई कड़ी चेतावनी दी गई।